



# 'मन की बात' में दिखा उत्साह और संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 125वें संस्करण ने रविवार को पूरे देश की तरह शिवपुरी जिले में भी उत्साह का वातावरण बना दिया। पुरानी शिवपुरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर बैठकर प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात किया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं और नागरिकों की मौजूदगी ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया।

बूथ क्रमांक 83 पर शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन और मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे, जहाँ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री का संदेश सुना।



अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विधायक देवेंद्र जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हर शब्द हम सभी को राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करता है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि इस संदेश को गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाएँ।

वहीं मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने कहा कि मोदी जी की मन की बात हम सबके लिए मार्गदर्शक है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को एकजुट करने का माध्यम है।

बूथ क्रमांक 85 पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं को मोदी जी के विचारों को समाज तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया। वहीं बूथ क्रमांक 93 पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी ने कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए कहा कि मन की बात जन-जन को दिशा देने वाला कार्यक्रम है। बूथ क्रमांक 75 पर जिला मंत्री मुकेश चौहान की मौजूदगी में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्बोधन समाज को नई दिशा और प्रेरणा देता है। बताया गया कि मन की बात पुरानी शिवपुरी मंडल के लगभग 40 बूथों पर सुनी गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल के सभी बूथ प्रभारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए और मोदी जी के संदेश से प्रेरित होकर समाज सेवा में जुटने का संकल्प लिया।

# सिरसौद पुलिस ने कट्टा लेकर घूम रहा हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना सिरसौद पुलिस ने शनिवार को बड़ी सफलता हासिल की। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया व टीम ने बदमाश प्रवृत्ति के कुख्यात आरोपी सुल्तान पुत्र वासुदेव रावत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मानक बसई को एक 315 बोर का लोडेड कट्टा एवं 01 जिंदा राउंड सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिरसौद में अपराध क्रमांक 171/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी सुल्तान रावत पर पहले भी हत्या, लूट और



डकैती की तैयारी जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिससे यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मुकेश दुबौलिया, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश भिलाला, प्रधान आरक्षक महेंद्र सेंगर, सत्यवीर जादौन, बृजेंद्र गुर्जर, आरक्षक मुकेश परमार एवं आरक्षक चालक रमेश कमल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवाओं में राष्ट्रभक्ति जगाने हेतु मां तुझे प्रणाम योजना के लिए 6 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत जिले में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैनिकों की सैन्य गतिविधियों और दिनचर्या से अवगत कराना है, जिससे उनमें राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी डॉ. के. के. खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विकासखंड से 10 युवाओं (05 युवक एवं 05 युवतियां) का चयन किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक श्रेणी से एक-एक युवक एवं युवती का चयन होगा एन.सी.सी., एन.एस.एस., खिलाड़ी, मेधावी छात्र और स्काउट। चयन हेतु युवाओं की आयु सीमा 15 से 25 वर्ष (31 दिसम्बर 2026 तक) तय की गई है। उन्होंने जिले के स्कूल और महाविद्यालयों के प्राचार्यों सहित एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट गाइड और जिला खेल अधिकारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक योग्य युवक-युवतियों को इस योजना में शामिल होने हेतु प्रोत्साहित करें। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र अथवा अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, अंतिम कक्षा/कॉलेज की अंकसूची, संबंधित गतिविधियों (एन.सी.सी., एन.एस.एस., खेल, मेधावी, स्काउट) के प्रमाणपत्र और बैंक पासबुक की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिन्होंने पूर्व में इस योजना का लाभ लिया है, वे पुन: आवेदन नहीं कर सकेंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 06 सितम्बर 2025 शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है।

# एसडीओपी शर्मा ने किया थाना मायापुर का औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग लगातार सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों का निरीक्षण एवं रात्रि गश्त की व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में 30-31 अगस्त की रात्रि को एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा अचानक थाना मायापुर पहुंचे और वहां औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने रात्रि गश्त में लगे बल को चैक किया तथा थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीओपी द्वारा किए गए निरीक्षण में रात्रि ड्यूटी में प्रआर रघुवीर और आर सर्वेश शर्मा ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। थाने की हवालात में कोई बंदी नहीं था। इसके साथ ही उन्होंने थाने के सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों को देखा और उन पर अपनी टीप अंकित की। निरीक्षण में थाने में लगे 11 कैमरे चालू स्थिति में पाए गए। वहीं, रात्रि गश्त में एएसआई प्रताप गुर्जर ड्यूटी करते मिले। एसडीओपी ने इस दौरान स्टाफ को निर्देश दिए



कि रात्रि गश्त के दौरान विशेष रूप से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और अपराधियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता ही अपराधों की रोकथाम में कारगर साबित होती है। गौरतलब है कि रात्रि गश्त अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके माध्यम से न केवल चोरी, लूट और अन्य आपराधिक वारदातों को रोका जा सकता है, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित होता है। इस प्रकार के औचक निरीक्षण पुलिस बल को जिम्मेदारी और सतर्कता के प्रति जागरूक करने में सहायक होते हैं।

# क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न, दशहरा मिलन समारोह की बनी रूपरेखा

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** क्षत्रिय महासभा कोलारस की बैठक का आयोजन ग्राम खोकर में किया गया। बैठक में महासभा अध्यक्ष जगदीश सिंह द्वारा आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दशहरा मिलन समारोह पर चर्चा की गई। तय किया गया कि समारोह का आयोजन कोलारस में किया जाएगा।

बैठक में रावेंद्र सिंह जादौन ने पिछले वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। पूर्व अध्यक्ष संजय चौहान ने कार्यक्रम में जुलूस की दिशा और व्यवस्था पर विचार-विमर्श



किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के वे विद्यार्थी, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, 15 सितंबर से समाजबंधुओं के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। क्षत्रिय धर्मशाला कोलारस में समाजबंधुओं की सहभागिता और व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष जगदीश सिंह, महामंत्री परिहार बामौरकला, जगपाल राजावत, करनसिंह कार्या, लोकेन्द्र एनबारा, संजय चौहान भट्ठआ, पिंटू शिक्रवार चंदेनी, हरवीजय रन्नोद, रामराजा परिहार बामौरकला, मोनू सेसई, ज्ञानेंद्र चौहान राजगढ़, वृजपाल सिंह मनीपुरा, अंकित खोकर, कार्या इमलवदा, सर्जपुर, सेसई खोकर, रन्नोद, गुडाल सहित विभिन्न ग्रामों से समाजबंधु उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस की सड़कों पर रातभर कॉम्बिंग, कोतवाली पुलिस ने 9 वारंटी दबोचे

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे कॉम्बिंग गश्त अभियान के तहत शनिवार की रात कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के आदेश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में टीआई कृपाल सिंह राठौड़ ने विशेष पुलिस पार्टियाँ बनाकर शहर में कड़ी नाकेबंदी और गश्त कराई। इस दौरान विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे वारंटियों को दबोच लिया गया। पकड़े गए वारंटी में श्यामसुंदर चंदेल निवासी फतेहपुर, पंचम परिहार निवासी लालमाटी मनियर, संजय धाकड़ निवासी करोदी कॉलोनी, रवि कुशवाह निवासी पार्क के पास मनियर, देवेन्द्र जाटव निवासी फतेहपुर, आकाश बाल्मीक निवासी लालमाटी, गोपाल सोनी निवासी शक्तिपुरम कॉलोनी, विनोद यादव एवं रणवीर यादव निवासी कलेक्ट्रेट कोठी शामिल हैं। इन सभी वारंटियों के खिलाफ माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी थे, जिन्हें लंबे समय से पुलिस तलाश रही थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी टीआई कृपाल सिंह राठौड़, उनि. सुमित शर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक बृजेन्द्र रावत, भरतमिलन, जितेन्द्र, मुकेश वर्मा एवं सैनिक भरतमिलन की अहम भूमिका रही।

# उन्नतशील कृषकों को मिलेगा पुरस्कार आवेदन 8 सितम्बर तक आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2024-25 हेतु राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25,000 एवं विकास खण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 10,000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में नवीन कृषि तकनीकी अपनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन्नतशील कृषकों को प्रदान किए जाएंगे।

पुरस्कार हेतु पात्र कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने वैज्ञानिक विधियों से कृषि उत्पादन में नवाचार किया है और तकनीकी अंगीकरण को अपनाकर उल्लेखनीय कार्य किया है, वे समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन 8 सितंबर तक अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप विकासखण्ड स्तर पर बीटीएम (आत्मा)/एसएडीओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। गत वर्षों में इस योजना के अंतर्गत चयनित कृषक इस बार आवेदन के पात्र नहीं होंगे, ताकि अन्य कृषकों को भी तकनीकी नवाचार हेतु प्रोत्साहित किया जा सके।

# संभागीय जूड़ो प्रतियोगिता में कोलारस का परचम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** जिले की खेल प्रतिभाएं लगातार नाम रोशन कर रही हैं।इसी क्रम में जिले के कोलारस विकास खंड में ब्लाक क्रीड़ा अधिकारी विनय रावत के

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 7 खिलाड़ी चयनित**

नेतृत्व में हाल ही में गुना में आयोजित संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में 7 खिलाड़ियों ने कोलारस का परचम फहराया है। कोलारस विकासखंड के 7



खिलाड़ियों जिनमें अमृता लोधी, सुनयना शर्मा, काम्या कोली,आशीष योगी ,अजय शर्मा ,लक्ष्मी रघुवंशी व दीपेंद्र धाकड़ ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल यहां जीत हासिल कि बल्कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना स्थान पक्का किया है इन खिलाड़ियों को कोलारस के जूडो कोच जितेन्द्र चौरसिया द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। कोलारस के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन करने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राहुल भार्गव ,जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बैमटे, सहित अभिषेक श्रीवास्तव ,भारत जाटव ने कोच चौरसिया, ब्लाक क्रिडा अधिकारी विनय रावत सहित सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

# 24 घंटे में पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** थाना फिजीकल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपराध क्रमांक 207/2025 में अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर जयपुर हाईवे से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन-परिवहन, अवैध शराब नियंत्रण तथा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, 29 अगस्त 2025 को फरियादी ने थाना फिजीकल में अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में अपहृत बालिका के नाबालिग होने से अपराध क्रमांक 207/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान अपहर्ता के मोबाइल की टावर लोकेशन प्राप्त कर पुलिस टीम ने 30 अगस्त 2025 को जयपुर हाईवे स्थित जीओ पम्प के पास से नाबालिग बालिका को बरामद किया। इसके बाद विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक नवीन सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अंकित सिंह, महिला आरक्षक रानी तोमर, महिला आरक्षक रुबी रघुवंशी, आरक्षक जितेन्द्र धाकड़ एवं आरक्षक हरिओम यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शिवपुरी डाक विभाग ने निकाली संडे ऑन साइकिल रैली



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** फिट इंडिया के परिप्रेक्ष्य में आज शिवपुरी डाक विभाग द्वारा संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली प्रधान डाकघर शिवपुरी कैंपस से अधीक्षक डाकघर एच.एस. भीलवार के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में सहायक अधीक्षक डाकघर मनोज चौधरी, पोस्टमास्टर विशाल कपूर, उपडाकपाल बी.एस. कुशवाह सहित सभी डाक सहायक स्टाफ एवं पोस्टमैन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

साइकिल रैली का शुभारंभ प्रधान डाकघर से होकर जिला हॉस्पिटल रोड, पोलोग्राम मैदान एवं कलेक्ट्रेट रोड होते हुए पुन: प्रधान डाकघर परिसर में हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने डाक सेवा जन सेवा, फिट इंडिया-हिट इंडिया और संडे ऑन साइकिल रैली जैसे नारों से वातावरण को ऊर्जा और जागरूकता से भर दिया। इस अवसर पर डाक विभाग ने नागरिकों से स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की अपील करते हुए संदेश दिया कि फिटनेस ही वास्तविक संपत्ति है।

# देहात थाना पुलिस ने महज एक घंटे में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 31 अगस्त।** थाना देहात पुलिस ने अपराध क्रमांक 318/25 में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी आशीष डोगरा को मात्र एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

घटना के अनुसार, 30 अगस्त को 7 वर्षीय नाबालिग बालिका अपने पिता, माता और चाचा के साथ थाना देहात पहुंची और आरोपी आशीष डोगरा द्वारा छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर थाना देहात में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 318/25 धारा 74 बीएनएस, 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर पीड़िता एवं परिजनों के बयान दर्ज किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई ने टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। तत्परता से की गई कार्यवाही में पुलिस टीम ने अम्बेडकर कॉलोनी, शिवपुरी से आरोपी आशीष डोगरा (पुत्र प्रेमनाथ डोगरा, उम्र 54 वर्ष, निवासी रामानुज नगर ग्वालियर, हाल अम्बेडकर कॉलोनी शिवपुरी) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी की चरित्रावली संदिग्ध पाई गई और वह अपने किसी भी परिजन की स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका, जिसके चलते उसकी गिरफ्तारी आवश्यक समझी गई। थाना देहात पुलिस ने महज एक घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इस कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, उप निरीक्षक प्रियंका शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक केदार सिंह, प्रधान आरक्षक अजय शर्मा, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सेन, आरक्षक शकील खान, आरक्षक सचेन्द्र शर्मा, आरक्षक अरुण मेवाफरोस, आरक्षक संजय धाकड़, आरक्षक नाहर सिंह, आरक्षक सतेन्द्र सिकरवार, आरक्षक रामजीलाल, आरक्षक रविशंकर यादव एवं आरक्षक शिवराज हिण्डोलिया की भूमिका महत्वपूर्ण रही।